# प्रधानमंत्री आवास योजना के भवन में समस्याओं का अंबार

## सड़क निर्माण को लेकर अनेकों बार कर चुके हैं मांग, नगर पालिका ने यहां की समस्याओं के निराकरण को लेकर नहीं की पहल

**सिवनी नवभारत। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा 116 हितग्राहियों को बीझावाड़ा स्थित शासकीय भूमि में आवास बनाकर दिए गए हैं देखा गया कि इस स्थान तक पहुंचाने के लिए सड़क न होने से लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इतना ही नहीं इस क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए ऐसे संसाधन भी नहीं है जिससे नगर मुख्यालय से लोग संपर्क कर सके क्योंकि यह क्षेत्र नगर मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर है ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय आना एवं जाने में 14 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।**

गौर तलब है कि इस क्षेत्र के विकास को लेकर अनेकों बार आवास तो उठाती रही है लेकिन ना तो किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान दिया और ना ही इस योजना से जुड़े



लोग कभी लोगों से उनके सुख-दुख पूछने आए ऐसी स्थिति में यहां पर रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

लोगों ने बताया कि मकान निर्माण करने वाले ठेकेदार द्वारा कितना घटिया काम किया गया है कि बारिश का पानी लेटर में किसी स्विमिंग पूल की तरह भर रहा है वही दीवारों पर बारिश के चलते सी आ रही है कमरों के अंदर लगे नल एवं लाइट बोर्ड ,तार इत्यादि चोरों ने चुरा कर ले गए हैं ऐसी ऐसी स्थिति में लोगों को रहने से पूर्व 50,000 रुपए की राशि अपने जेब से खर्च करनी पड़ती है जो उनके लिए किसी समस्या से काम नहीं है ।

उललेखनी है कि भवनों में निर्माण कार्य ढंग से न होने के कारण दीवारों में जगह-जगह दरार आ चुकी है क्योंकि यह भवन पहाड़ी को काटकर बनाया गया है ऐसी स्थिति में बारिश में विषैला जीव जंतु यहां भ्रमण करते रहते हैं जिसके कारण दुर्घटना की



संभावना बनी रहती है।

बारिश के चलते इन भवनों के आसपास खरपतवार उगे हैं गाजर घास के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है जिससे मलेरिया टाइफाइड जैसे बीमारी की शंका भी बढ़ रही है प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए ट्यूबवेल खोदा गया था लेकिन वह बंद पड़ा है क्योंकि उसमें मोटर नहीं लगाई गई हाल ही में 7 दिन में एक दिन नल आते हैं जिसके कारण लोगों को दूर-दूर से पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है

> इन सब संगतियों को देखते हुए नगर पालिका से क्षेत्र वासियों ने मांग की है कि इसके जीवन उद्धार को लेकर उचित कदम उठाए एवं तत्काल में सड़क का निर्माण करें जिससे लोगों को समस्याओं से राहत मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना में दिए गए भवनों में रहने वाले हेमंत बघेल दिलीप कुल्हाड़ी नंद सिंह घनश्याम विजय डेहरिया नीतू बंडेवार राजकुमारी वर्मा तुलसीराम भांगरे विशाल धुर्वे दिव्या धुर्वे प्रेम कुमार कुल्हाड़ी सहित अनेक लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो वे लोग इस मांग को लेकर भूख हड़ताल में बैठेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं नगर पालिका की होगी।



# स्कूल के समीप साढ़े आठ फीट लंबा धामन सर्प देखा गया

**छपारा नवभारत।** वर्तमान बारिश के मौसम के शुरुआती दिनों में रुक- रुक कर बारिश होने से भूमिगत जीव जन्तु अपने रहवासों से किसी दूसरे स्थान पर रहने या भोजन की तालाश में बाहर निकल पड़ते हैं।

ऐसा ही नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम अंजनिया के शासकीय माध्यमिक शाला के समीप 7 जुलाई को सुबह एक लगभग साढ़े आठ बजे हुआ जहां ग्राम के विद्यालय के बगल में

### सर्प मित्र शुभम् ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

लगभग साढ़े आठ फीट लंबा धामन सर्प को स्थानीय लोगों ने देखा और छपारा नगर के युवा निशुल्क सर्प मित्र शुभम् मुड़िया को सूचित किया तत्काल शुभम् ने मौके पर पहुंच उक्त सर्प को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया जिसके माध्यमिक शाला में अध्ययन रत बच्चों सहित स्कूल स्टाफ ने राहत की सांस ली गई।

### एक नजर में

## अपीलीय कोर्ट से भी चार आरोपियों की सजा बरकरार, भेजे गए जेल

**सिवनी।** सिवनी जिले के थाना लखनवाड़ा अंतर्गत ग्राम सरगापुर में वर्ष 2014 में हुई मारपीट के मामले में अपीलीय न्यायालय ने चारों आरोपियों की सजा बरकरार रखी है। अभियुक्त सुंदरलाल, प्रहलाद, बालमुकुंद एवं यशवंत उर्फ गोलू ने एकराय होकर सतेंद्र, कमला और केशरसिंह के साथ लाठी-डंडों व पत्थरों से मारपीट की थी, जिसमें केशरसिंह को गंभीर चोटें आई थीं। प्रकरण में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने 12 अप्रैल 2022 को सभी आरोपियों को धारा 325 के तहत एक-एक वर्ष के कारावास तथा धारा 323 व 447 में जुर्माने की सजा सुनाई थी। इस फैसले के विरुद्ध दायर अपील पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने निचली अदालत के निर्णय को सही ठहराते हुए अपील खारिज कर दी और सभी आरोपियों को सजा भुगतने के लिए जेल भेजने के आदेश दिए।

## अब तक जिले में 248 .8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिवनी।** जिले में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है। 01 जून से 07 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 248 .8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। मंगलवार को जिले में 14 .5 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई, जिससे किसानों के साथ-साथ आमजन को भी राहत मिली है। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 07 जुलाई को बरघाट तहसील में 10 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त लखनादौन में 12 .2 मिमी, कुरई में 21 .0 मिमी, सिवनी में 12 .8 मिमी, छपारा में 12 .6 मिमी, घंसौर में 27 .0 मिमी, केवलारी में 12 .6 मिमी तथा धनौरा में 8 .0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। 01 जून से अब तक की संचयी वर्षा में बरघाट 339 .9 मिमी के साथ जिले में सबसे आगे है। इसके बाद सिवनी में 310 .4 मिमी, लखनादौन में 303 .2 मिमी, केवलारी में 299 .8 मिमी, कुरई में 210 .0 मिमी, छपारा में 193 .1 मिमी, धनौरा में 185 .0 मिमी तथा घंसौर में 149 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष अब तक जिले में वर्षा कम रही है। वर्ष 2025 में 01 जून से 07 जुलाई तक 428 .8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।



# प्राध्यापक संघ ने लंबित समस्याओं को लेकर किया आंदोलन

**सिवनी नवभारत।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं और विभागीय अव्यवस्थाओं को लेकर 01 जुलाई से आंदोलन शुरू किया है। महाविद्यालयीन प्राध्यापक जिला संघ की अध्यक्ष डॉ. सविता मसीह ने बताया है कि संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा के निर्देश अनुसार आंदोलन के प्रथम चरण में शिक्षक 15 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। साथ ही आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार करने और संचालन के लिए राज्य स्तरीय संघर्ष समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी म.प्र. संघ पदाधिकारियों में सह-सचिव डॉ. श्रुति अवस्थी, कोषाध्यक्ष सी.एल. अहिरवार, सदस्यों में डॉ. मुन्ना लाल चैधरी, डॉ. पवन वासनिक, डॉ. सीमा मर्सकोले, डॉ. लीडिया कुमरे, डॉ. मान सिंह बघेल, डॉ. ज्योति गजभिये, रचना राय. प्रो. तरूण कावरे, प्रो. दीक्षा पटले, प्रो. रंजीता कमलेश, प्रो. रचना सक्सेना, प्रो. गनेश कुमार मंतारे आदि का सहयोग व उपस्थिति रही।

# सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**सिवनी नवभारत।** म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बी.एस. चौहान का आज सिवनी आगमन हुआ। इस अवसर पर कृष्ण लॉन, लुघरवाड़ा में जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं उचित मूल्य दुकान के कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सहभागिता की।



मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ के मीडिया प्रभारी जोगेश ठाकुर द्वारा बताया गया कि बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री चौहान ने कर्मचारियों की वर्षों से लंबित एवं ज्वलंत समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उन्हें शासन एवं प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वैधानिक अधिकारों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महासंघ निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक में प्रमुख रूप से कलेक्टर दर के अनुसार वेतन भुगतान, शासन द्वारा स्वीकृत वेतन वृद्धि (एरियर) का भुगतान, समिति प्रबंधकों के रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति, उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण के दौरान होने वाली स्वाभाविक घटी की प्रतिपूर्ति तथा पीडीएस दुकानों के संचालन से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे। प्रदेश अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि सभी मांगों को शासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उनके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

बैठक में महासंघ के जिला पदाधिकारी जिला अध्यक्ष बंशी ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार बघेल, जिला सचिव मनोरंजन सूर्यवंशी, मनोज बघेल, सहित समिति कर्मचारी एवं उचित मूल्य दुकान विक्रेता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में संगठन की मजबूती एवं कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी ने एकजुटता का संकल्प लिया।

# पांच दिवसीय शिवार्चनम उत्सव का होगा आयोजन -लक्ष्मी कश्यप



**सिवनी नवभारत।** आगामी ग्यारह जुलाई से 15जुलाई को पांच दिवसीय शिवार्चनम उत्सव क आयोजन इस बार बनारस और जबलपुर पर आयोजित किया जायगा उक्ताशय जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी कश्यप ने दी उन्होंने बताया ब्रम्हलीन शारदा एवं द्वारका पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिषी स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज कि प्रेरणा से और वर्तमान द्वारका पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज और आशीर्वाद एवं योग सम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र अध्यक्ष महर्षि पतंजलि योग ध्यान साधना संस्थान के मार्गदर्शन पर विगत सोलह वर्षों से पवित्र जगरन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के अवसर पर विविध आयोजन किये जाते रहे जो इस वर्ष बनारस मे मणिकर्णिका घाट

### पवित्र जगरन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के अंतर्गत होते हे विविध कार्यक्रम

माँ गंगा तट तो जबलपुर मे ग्वारीघाट घाट माँ नर्मदा तट पर आयोजित किया जायगा इस अवसर पर समीप मंदिरों के खुले भूखंडों मे पौधरोपण ,मंदिरों प्रांगण मे सेवार्थ सफाई अभियान स्तुति ,प्रकृति क अंग गंगा एवं नर्मदा मे दीप दान और मछलियों को भोजन के साथ शिव आराधना और प्रसाद वितरण कार्य किया जायेगा। इस अवसर मुख्य रूप से सहयोगी श्रीमती पूजा कश्यप जो सदेव इस धार्मिक सकारात्मक कार्य मे सहभागी रहती हे उनके प्रबंधन पर ये आयोजन किया जायगा साथ हि संस्कृति ,सृष्टि और वेद भी मुख्य रूप से इनका भी सहयोग प्राप्त रहेगा

# जादू-टोना व जमीन विवाद के चलते भतीजे ने रची चाचा की हत्या की साजिश

## लखनादौन पुलिस की बड़ी कार्रवाई - अंधे हत्या कांड का पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार, 6 मोबाइल व 1 मोटरसाइकिल जप्त

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा व एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस ने ग्राम सिहोरा में हुए अंधे हत्या कांड का खुलासा कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना लखनादौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिहोरा तालाब किनारे मोहनलाल पिता लखनलाल गोल्हानी, उम्र 42 वर्ष, निवासी सिहोरा का शव उथले पानी में चित्त अवस्था में पाया गया था। सूचना पर थाना लखनादौन में मर्ग क्रमांक 31/26 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की गई। प्रथम दृष्टया परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर साक्ष्य छुपाने के संदेह पर अपराध क्रमांक 274/26 धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी निरीक्षक के.पी. धुर्वे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

विवेचना के दौरान मृतक के भतीजे राहुल गोल्हानी से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसकी तबियत खराब होने पर उसे चाचा द्वारा जादू-टोना किए जाने की शंका थी एवं जमीन-जायदाद में चाचा को अधिक हिस्सा मिलने के कारण रंजिश थी। इसी कारण उसने आकाश महोबिया को 1.50 लाख रुपये में चाचा की हत्या करने का सौदा तय किया।

गिरफ्तार आरोपियों में राहुल गोल्हानी पिता भालसिंह गोल्हानी,



उम्र 20 वर्ष, निवासी सिहोरा थाना लखनादौन , गीता बाई पति भालसिंह गोल्हानी, उम्र 40 वर्ष, निवासी सिहोरा थाना लखनादौन , आकाश महोबिया पिता गणेश महोबिया, उम्र 21 वर्ष, निवासी चुरका थाना लखनादौन धर्मेन्द्र अहिरवार पिता गुड्डु अहिरवार, उम्र 25 वर्ष, निवासी डुंगरिया थाना धूमा , आशीष काकोडिया पिता शंकरलाल काकोडिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी पाठादेवरी थाना धूमा , प्रियांशु यादव पिता मदन यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी पाठादेवरी थाना धूमा शामिल है।

सराहनीय भूमिका

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक के.पी. धुर्वे, सउनि देवेन्द्र जायसवाल, सउनि मनोज परतेती, प्र.आर. फकीरचंद उइके, म.प्र.आर. बबीता सेन, आर. लकेश पटले, आर. दीपेश मेहरा, आर. सूरज मेहरा, आर. जतिन दुबे, आर. राजकुमार साहू, आर. ओमप्रकाश धुर्वे थाना आदेगांव की सराहनीय भूमिका रही।

> 02/07/2026 की रात्रि में आकाश महोबिया, धर्मेन्द्र अहिरवार, प्रियांशु यादव एवं आशीष काकोडिया सिहोरा पहुंचे। आरोपी गीता बाई ने चाचा की लोकेशन दी। राहुल ने डीएपी का बहाना बनाकर चाचा मोहनलाल को अपने साथ तालाब के पास ले गया, जहां चारों आरोपियों ने गमछे से गला घोंटकर हत्या कर शव तालाब किनारे फेंक दिया।

# डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिवनी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती स्मरण पक्ष (23 जून से 6 जुलाई) के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पं. अटल बिहारी वाजपेयी परिसर, बारापत्थर में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन, बरघाट विधानसभा विधायक कमल मर्सकोले , पूर्व सांसद नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व



विधायक राकेश पाल, भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, ज्योति राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे , पुर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया , उर्मिला, गोमती ठाकुर, श्रीमती ईमृता साहू, सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में वक्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रनिर्माण, राष्ट्रीय एकता एवं अखंड भारत के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए उनके विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित, संगठन की मजबूती तथा डॉ. मुखर्जी के बताए मार्ग पर चलने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 15 को

**सिवनी।** शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार 15 जुलाई 2026 को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्देश्य जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप से जोड़ना है। मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगी।

### बैठक

## एसपी ने दिखाई हरी झंडी, ऑनलाईन ठगी से बचने के बताये तरीके

# सेफ क्लिक अभियान : साइबर जागरूकता मैराथन आयोजित

**सिवनी नवभारत।** साइबर अपराधों के प्रति आमजन, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सिवनी पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक अभियान 2.0 के 14वें दिन मंगलवार को साइबर जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने पुलिस कंट्रोल रूम से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मैराथन पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर थाना कोतवाली परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में साइबर सुरक्षा से संबंधित बैनर और स्लोगन लेकर लोगों को




ऑनलाइन ठगी से बचने तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने का संदेश दिया। पूरे मार्ग में सोच-समझकर क्लिक करें, सतर्क रहें और सुरक्षित रहें का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। मैराथन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाना तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

> **इनकी रही उपस्थिति**
>
> इस अवसर पर एसडीओपी सिवनी चंचलेश मरकाम, रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू, प्रभारी पुलिस कंट्रोल रूम निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, पुलिस स्टाफ, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक यदि डिजिटल दुनिया में सतर्कता बरते और सोच-समझकर ऑनलाइन गतिविधियां करे, तो अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।

# 'सेफ क्लिक 2 .0' मैराथन में मिशन स्कूल के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**छपारा नवभारत।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य-स्तरीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत छपारा पुलिस द्वारा मंगलवार 7 जुलाई को सुबह मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक्स, अज्ञात वीडियो कॉल्स तथा डिजिटल फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

इस प्रतियोगिता में नगर की पुरानी शिक्षण संस्था मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के यश कुमार गज्जाम (कक्षा 11वीं) ने प्रथम



स्थान, भव्या ठाकुर (कक्षा 9वीं) ने द्वितीय स्थान तथा दिव्यांशु नायक (कक्षा 11वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विजेता विद्यार्थियों को नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल एवं एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सहभागिता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

इस अवसर पर नगर परिषद छपारा की अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, मिशन स्कूल प्राचार्य संजय मसीह, अंग्रेज़ी माध्यम के प्राचार्य प्रदीप कुमार, शिक्षक जावेद ख़ान,संजय बंजारा एवं जुनेद ख़ान तथा पुलिस विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं एसडीओपी एवं नगर परिषद अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने, सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने का संदेश दिया। एसडीओपी ने विशेष रूप से बताया कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार हों, तो घबराएँ नहीं, बल्कि तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएँ, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर नुकसान को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में नगर निरीक्षक खेमेंद्र जैतवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।